## न्यूज डायरी



### एचआईवी से सबसे पहले ठीक हुए शख्स का कैंसर से निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिएटल। सबसे खतरनाक एचआईवी के इन्फेक्शन से ठीक होने वाले सबसे पहले शख्स थे टिमथी रे ब्राउन। बर्लिन पेशेंट के नाम से मशहूर ब्राउन का निधन कुछ दिन पहले हो गया। हालांकि, ब्राउन का निधन कैंसर की वजह से हो गया। ब्राउन को 2007 में कैंसर हो गया था। इलाज के लिए उन्हें एक ऐसे शख्स ने अपना बोन मैरो दिया था जिसमें प्राकृतिक रूप से भ्ट के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता थी। इस वजह से उनका भ्ट इन्फेक्शन ठीक हो गया। हालांकि, बाद में उनका कैंसर वापस लौट आया। ब्राउन को 1994 में एचआईवी इन्फेक्शन का पता चला था। इसके बाद साल 2007 में उन्हें अक्यूट माइलॉइड ल्यूकीमिया हो गया जो एक तरह का ब्लड कैंसर होता है। इसके इलाज के लिए उनका बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुआ। यह देने वाले डोनर के क्ष्। में CCR5 जीन में म्यूटेशन था। इस जीन की वजह से ही वायरस शरीर के सेल्स को इन्फेक्ट कर पाता था। म्यूटेशन की वजह से HIV इन्फेक्शन के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो गई थी।

### दक्षिण अफगानिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट में नौ लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। दक्षिणी अफगानिस्तान में एक सैन्य जांच चौकी को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती कार बम विस्फोट में चार नागरिकों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। हेलमंद प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता ओमर जवाक ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह आत्मघाती हमला नहरी साराह जिले में बुधवार देर रात हुआ जिसमें एक छोटा बच्चा और सुरक्षा बल के तीन जवान घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिस वक्त हमलावरों ने जांच चौकी को निशाना बनाया उस वक्त कुछ लोग एक वाहन से वहां से गुजर रहे थे। इनमें दो महिलाओं की मौत हो गई। फिलहाल किसी आतंकवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। आत्मघाती हमले की यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब तालिबान और अफानिस्तान सरकार की ओर से नियुक्त वार्ताकारों के बीच कतर में ऐतिहासिक शांति वार्ता चल रही है।

### उत्तरी इराक में हवाई अड्डे को निशाना बनाकर दागी गई छह मिसाइलों को गिराया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बगदाद उत्तरी इराक में एर्बिल अंतरराष्ट्रीय हवाईड्डे को निशाना बनाने के लिए दागी गई कम से कम छह मिसाइलों को गिरा दिया गया। कुर्दिश गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि हवाई अड्डे में अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के सैनिक मौजूद हैं। अमेरिकी बलों के खिलाफ बढ़ते रॉकेट हमलों से वाशिंगटन और बगदाद के बीच तनाव बढ़ गया है। बयान के अनुसार रात करीब साढ़े आठ बजे मिसाइलों को गिराया गया और इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कुर्द के दो अधिकारियों ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि एक रॉकेट ईरान में प्रतिबंधित ईरानी-कुर्दिश विपक्षी पार्टी के मुख्यालय पर गिरा। बयान के अनुसार रॉकेट निनवा प्रांत में एर्बिल के दक्षिण में स्थित बारटेला से दागे गए थे। ये इलाके 'पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेस' के ब्रिगेड 30 के अधीन आते हैं।

### अमेरिका के मिलवॉकी में अंतिम संस्कार गृह के बाहर गोलीबारी, सात लोग घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिलवॉकी (अमेरिका)। अमेरिका के मिलवॉकी में अंतिम संस्कार गृह के बाहर बुधवार को हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गए। मेयर टॉम बैरेट ने बताया कि अंतिम संस्कार गृह के बाहर से गाड़ी में जा रहे एक व्यक्ति ने अचानक गोलीबारी कर दी, जिसमें सात लोग घायल हो गए। कार्यवाहक पुलिस प्रमुख माइकल ब्रूनसन ने बताया कि सभी घायलों को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सभी खतरे से बाहर हैं। ब्रूनसन ने बताया कि घायलों में महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं, सभी की उम्र 24 से 48 साल के बीच है। पुलिस संदिग्ध हमलावर की तलाश कर रही है और लोगों से मदद की अपील भी की है।

# भगवान राम पर नेपाली पीएम के नहीं बदल रहे सुर

**फैसला** चितवन जिले में 40 एकड़ की जमीन पर अयोध्यापुरी धाम का निर्माण करने जा रहे हैं



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। कम्युनिस्ट चीन के इशारे पर नाच रहे नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर से अयोध्या का राग अलापा है। भारत की अयोध्या नगरी को नकली बताने वाले नेपाली पीएम चितवन जिले में 40 एकड़ की जमीन पर अयोध्यापुरी धाम का निर्माण करने जा रहे हैं। इसके लिए जमीन भी आवंटित कर दी गई है। इससे पहले ओली ने भारत की अयोध्या को नकली बताया था और दावा किया था कि असली अयोध्या नेपाल के चितवन जिले के माडी में स्थित है।

नेपाली पीएम ओली ने बुधवार को कहा कि माडी नगरपालिका ने अयोध्यापुरीधाम बनाने के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित करने का फैसला किया है। उधर, नेपाल नैशनल न्यूज एजेंसी से माडी के मेयर ठाकुर प्रसाद धाकल ने बताया कि 29 सितंबर को हुई बैठक में अयोध्यापुरीधाम बनाने को लेकर फैसला किया गया है। मेयर ने कहा कि हमारे पास 50 बीघा अतिरिक्त जमीन है, अगर हमें कोई तकनीकी दिक्कत आती है तो हम इस जमीन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अयोध्यापुरी धाम के निर्माण के लिए मास्टर प्लान तैयारः** धाकल ने बताया कि अयोध्यापुरी धाम के निर्माण के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है और जल्द ही एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। बता दें कि ओली के बयान का भारत ही नहीं नेपाल में जमकर विरोध हुआ था। इस आलोचना के बाद भी नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली फिलहाल अपने रुख से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं। ओली ने ही पिछले दिनों माडी में भगवान राम का जन्मस्थान बताते हुए राम मंदिर निर्माण का फैसला किया था। उन्होंने इसके लिए स्थानीय प्रतिनिधियों को प्लान तैयार करने को कहा है जबकि अधिकारियों का मानना है कि पहले वहां के लोगों की असल समस्याएं हल की जाएं, उसके बाद राम मंदिर बनवाया जा सकता है।

माना जा रहा है कि ओली के निर्देश पर ही अयोध्यापुरी धाम बनाने का फैसला किया गया है। बताया जा रहा है कि माडी के नगर निकाय अधिकारियों को ओली ने फोन करके पिछले दिनों बुलाया था। दो घंटे चली बैठक के दौरान ओली ने उनसे कहा कि नेपाल में राम मंदिर बनना चाहिए। ओली ने इस दौरान दावे से कहा कि भगवान का राम नेपाल की अयोध्यापुरी में हुआ था। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत करके वहां मौजूद ऐतिहासिक सबूतों को संरक्षित करने के लिए कहा। इसके साथ ही और सबूत जुटाने के लिए अयोध्यापुरी में खुदाई का निर्देश भी दिया था।

**किया था दावा, भारत में नकली अयोध्याः** बता दें कि पिछले महीने ओली ने दावा किया था कि भारत ने सांस्कृतिक अतिक्रमण के लिए नकली अयोध्या का निर्माण किया है। जबकि, असली अयोध्या नेपाल में है। ओली ने तर्क दिया कि अगर भारत की अयोध्या वास्तविक है तो वहां से राजकुमार शादी के लिए जनकपुर कैसे आ सकते हैं।

## नवाज शरीफ ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ पर बोला हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने सेना प्रमुख का नाम लिए बिना कहा कि देश की संसद रबर स्टांप बन गई है और सांसदों की जगह पर कोई और देश की संसद को चला रहा है। उन्होंने अपनी बेटी मरियम के इस बयान से सहमति जताई कि राजनीतिक फैसले संसद में लिए जाने चाहिए न कि सेना मुख्यालय में।

शरीफ ने अपनी पार्टी पीएमएल-एन की एक बैठक में कहा, श्लोगों ने मुझे बताया है कि कोई और पाकिस्तान को चला रहा है। ये लोग आते हैं और दिनभर के अजेंडे और विधेयकों पर वोटिंग के दिशानिर्देश देते हैं। इससे पहले मरियम ने सेना प्रमुख और आईएसआई चीफ के साथ प्रमुख विपक्षी नेताओं की बैठक को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा था कि राजनीतिक फैसले सेना के मुख्यालय में नहीं बल्कि संसद में होने चाहिए।

नवाज शरीफ ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आज हम एक स्वतंत्र नागरिक नहीं हैं। मेरे खिलाफ चल रही सुनवाई में सेना के एक कर्नल अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, कर्नल के अपने चेहरे को छिपाने को छिपाने के पीछे क्या कारण है?



इवांका ट्रंप ने इंस्टाग्राम पर डाली बेटी की तस्वीरें, घिरे ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। इवांका ट्रंप ने नैशनल डॉटर्स डे के बाद अपने सबसे बड़ी संतान अरबेला को ट्रिब्यूट दिया है। उन्होंने अपनी नौ साल की बेटी की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं। हालांकि, इस दौरान कमेंट सेक्शन में कई लोगों ने उनके पिता डोनाल्ड ट्रंप के कम टैक्स देने की आलोचना भी की। ट्रंप पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने अपने कारोबार में करोड़ों डॉलर का घाटा दिखाकर कम टैक्स दिया है। इवांका ने नैशनल डॉटर्स डे (25 सितंबर) के दो दिन बाद रविवार को अपनी इकलौती बेटी की इंस्टाग्राम पर तस्वीरें डाली थीं। उन्होंने एकसाथ कई फोटो डालते हुए कैप्शन दिया, हम हर रोज नेशनल डॉटर्स डे मनाते हैं। प्यारी अरबेला, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।

## आर्मीनिया के खिलाफ जंग में कूदे सीरियाई आतंकी, तुर्की को फ्रांस ने दिया करारा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अजरबैजान की ओर से तुर्की की धमकी के बाद फ्रांस भी आर्मीनिया के साथ आ गया है

येरेवान/बाकू। आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच नागोर्नो-काराबाख इलाके को लेकर भीषण जंग जारी है। रविवार से शुरू हुई इस झड़प में 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और बताया जा रहा है कि यह हाल के दिनों में सबसे खूनी जंग में बदल गई है। इस बीच अजरबैजान के समर्थन में तुर्की की ओर से भेजे गए सीरियाई आतंकी भी जंग में उतर गए हैं। उधर, तुर्की की धमकी के बाद अब फ्रांस भी आर्मीनिया के साथ आ गया है।

आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए रूस ने लड़ाई को खत्म करने के लिए बातचीत आयोजित करने का ऑफर दिया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लवरोव ने दोनों ही देशों की सरकारों को यह ऑफर दिया। उधर, इस लड़ाई के खात्मे के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान से बात की है। दोनों ने नेताओं ने सीजफायर का आह्वान किया है।

**आर्मीनिया का एस-300 मिसाइल सिस्टम नागोर्नो-काराबाख में उड़ायाः** बता दें कि रूस का आर्मीनिया के साथ सैन्य गठजोड़ है लेकिन उसका अजरबैजान के साथ भी करीबी संबंध है। बुधवार को अजरबैजान के राष्ट्रपति ने प्रण किया कि आर्मीनियाई सुरक्षा बलों के इलाके के छोड़ने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी एकमात्र यह शर्त है कि आर्मीनिया के सुरक्षा बल पूरी तरह से और बिना शर्त हमारे इलाके को छोड़ दें।

वहीं, अजरबैजान की सेना ने बुधवार को ऐलान किया है कि उसने आर्मीनिया का एक एस-300 मिसाइल सिस्टम नागोर्नो-काराबाख में उड़ा दिया। उसने यह भी दावा किया कि करीब 2,700 सैनिक अब तक इस जंग में या तो घायल हो गए हैं या जान गंवा चुके हैं। उसने यह भी दावा किया कि आर्मीनिया की सेना तोनशेन गांव के आसपास के इलाके से भाग खड़ी हुई है।

## टिकटॉक की मदद से राजा बने ब्रिटिश युवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिटेन। टिकटॉक भले ही भारत में बैन हो चुका है लेकिन बाकी के देशों में युवाओं के बीच इसकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इस मशहूर चाइनीज सोशल मीडिया ऐप के इंफ्लुएंसर्स समय-समय ऐप के प्रति अपना लगाव जाहिर करते रहते हैं। लेकिन छह युवा टिकटॉक इंफ्लुएंसर्स इस शॉर्ट विडियो प्लेटफॉर्म के प्रति अपनी चाहत को एक नए मुकाम पर ले गए हैं। इन्हें खुद को श्द वेब हाउसश नाम दिया है। इन युवाओं ने ब्रिटेन के देहाती इलाके में 50 लाख पाउंड का एक मेंशन (हवेली) लिया। यहां छहों इंफ्लुएंसर्स एकसाथ रहेंगे और प्लेटफॉर्म के लिए विडियो बनाएंगे। इस महीने की शुरुआत में इन्होंने अपने कलेक्टिव टिकटॉक अकाउंट से पहला विडियो डाला था। इसमें उन्होंने मेंशन की भव्यता दिखाई थी।

इन सब में 13 एकड़ जमीन, एक स्विमिंग पूल, जिम, स्पा और 100 इंच का टीवी शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 30,000 पाउंड है। इस मेंशन का खर्च मैनेजमेंट एजेंसी योक ने उठाया है और इसमें ऑफिस की तरह काम किया जाता है।